चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, जहां भी पोस्टें खाली है उनके लिए हमने सभी बैंकों को लिख दिया है कि वे जल्दी से जल्दी अपनी भर्ती पूरी करें ताकि सरकारी या जनता के कामों में कठिनाई न हो जितनी भी पोस्टें खाली है उनको भरने के लिए कार्यवाही भुरू कर दी गई है।

चौधरी लाल सिंहः अध्यक्ष महोदय, जैसे मंत्री जी अपने महकमें का सुधार कर रहे है तो मैं आपकी मारफत मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि पिछली सरकार ने नान–मैट्रिक बिना एम्पलायमैंट एक्सचेंज के जो मिनि बैंक मैनेजर भर रखें है उनका क्या होगा?

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, स्टेट में मिनि बैंक मैनेजर कोई भी नान–मैट्रिक नहीं है क्योंकि मैट्रिक से ऊपर या मैट्रिक तक के ही आदमी मिनि बैंक मैनेजर लगते है (ाोर) माननीय सदस्य एक भी अगर ऐसा नाम बता दें कि कहीं भी स्टेट में मिनी बैंक का मेनेजर नान–मैट्रिक आदमी लगा हुआ है तो मैं उसको लगाने वाले अधिकारी के खिलाफ भी एक ान लूंगा और उस कर्मचारी को भी फौरान हटा दिया जाएगा लेकिन ऐसी बात न है और न ही हो सकती है।

Mr. Speaker: The question is over.

नियम 45 के अधीन सदन की मेज पर रखे गये तारांकित प्र नों के लिखित उत्तर

Agreement between the employees of Panipat Cooperative Sugar Mills and Management Board.

***1198. Comrade Shankar Lal:** Will the Minister for Cooperation and Dairy Development be pleased to state-

(a) whether any agreement was reached under section 12(3) of the Industrial Disputes Act in 1964 between the employees of Panipat Cooperative Sugar Mills and the Management Board;

(b) whether it is also a fact that the employees of the said Mill have been getting their pay and dearness allowance since 1964 on the basis of the above said agreement; and

(c) whether the Management Board of Panipat Sugar Mills, Panipat has yet to implement any award in respect of pay and allowances?

सहकारिता एवं दुग्ध विकास मंत्री(चौधरी भजन लाल):

(क) जी हां।

(ख) जी हां।

(ग) जी नहीं।

Bridge on Patiala Rivulet

***1194. Chaudhri Ishwar Singh:** Will the Minister for Irrigation and Power be pleased to state-

(a) whether the Government propose to construct a bridge on the Patiala Rivulte near the Malikpur village situated on the other side of Ghaghar ; if so, the time by which it is likely to be constructed; and

(b) the number of distributaries on which the lining work is likely to be done in Gulha tehsil togetherwith the time by which the said work is likely to be completed?

Irrigation and Power Minister(Shri Verender Singh):

(a) No.

(b) 19 distributaries and Minors are proposed to be lined under the programme of modernisation of channels in Gulha tehsil and the entire work is proposed to be completed

in 12 years. Out of these, work on 5 distributaries is proposed to be complete in the 1st phase to be completed by June, 1982.

Loanees of the Co-operative Socities

***922. Swami Adityavesh:** Will the Minister for Cooperation be pleased to state-

(a) whether it is in theknowledge of the Government that the loanees of the Cooperative Societies have repaid the loans advanced to them but the officers concerned have not cleard their accounts so far ;

(b) if so, the number of such Cooperative Societies; and

(c) the steps, if any, taken or proposed to be taken by the Government against the officers who have not adjusted the amount as referred to in part (a) above?

Cooperation and Dairy Development Minister(Chaudhri Bhajan Lal):

(a) Yes.

(b) Number of such Cooperative societies is 229.

(c) There are 280 cases in these societies in which officers are involved. Following action has been taken/is being taken in respect of these cases.

(i)	Cases with the Police under investigation:	65

(ii)	Cases pending with Courts	25
(iii)	Cases referred for arbitration under Cooperative Societies Act.	72
(iv)	Under process with Department/Central Cooperative Banks	118
	Total	280

स्वामी आदित्यवे I: अध्यक्ष महोदय, मैंने 23 तारीख को हरियाणा भवन दिल्ली में हुई घटना के बारे में एक काल अटैं ान मो ान दिया था.....

(इस समय बहुत से सदस्य बोलने के लिए खड़े हो गए)

Mr. Speaker: Order please, please take your seats. (Interruptions) अगर आप लोगों को हाउस की डिगनिटी मेंटेन करनी है तो जब स्पीकर बोलने के लिए खड़ा हो तो आप उसे सुनने का कश्ट किया करें। (व्यवधान) स्वामी जी का काल अटैं ान मो ान मुझे मिला था, उसको बाकयदा स्टडी किया गया उस पर गौर करने के बाद उसे डिस–अलाउ कर दिया और उसकी सूचना आपके पास पहुंच गई है। इस मामले में दोबारा हाउस में रेज करने का कोई रूल नहीं है। स्पीकर की रूलिंग

आने के बाद इस पर कोई डिसक ान नहीं हो सकती। (व्यवधान) अब इस पर अगर कोई डिस्क ान होगी तो उसको रिकार्ड न किया जाए।

स्वामी आदित्यवे ाः

****

श्री अध्यक्षः अब मैं पब्लिक अकाउंटस कमेटी के चेयरमैन से कहूंगा कि वे अपनी रिपोर्ट पे ा करें।

चौधरी उदय सिंह दलालः आन ए प्वायंट आफ आर्डर। स्पीकर साहब मैं आपसे प्रााार्थना करूंगा कि स्वामी जी और दूसरे मैम्बर साहेबान जो बोल रहे है, मैं इनका अहतराम करता हूं लेकिन इनको बोलने का लाइसेंस न दें। हाउस में सबसे ज्यादा सवाल ये करते है सबसे ज्यादा टाईम ये लेते है और मो ान्ज वगैरा इनकी सबसे ज्यादा होती है लेकिन न ये अपने हलके में जाते है और न ही कोई काम करते है। इनको इतना ज्यादा न बोलने दिया जाए। (व्यवधान)

श्री अध्यक्षः यह प्वायंट आफ आर्डर नहीं है।

श्री हरफूल सिंहः स्पीकर साहब, ये बार–बार हाउस की कार्यवाही के अन्दर बगैर किसी मतलब की बात के, दखल देते है, मेरा ख्याल है इनको हाउस से निकाल दिया जाए। (व्यवधान)

(इस समय स्वामी आदित्यवे ा फिर बोलने के लिए खड़े हो गए)

श्री अध्यक्षः स्वामी जी, आप त ारीफ रखिए (व्यवधान) अब कंवल सिंह जी अपनी रिपोर्ट पे ा करेंगे।

चौधरी गंगा रामः आन ए प्वायंट आफ आर्डर। स्पीकर साहब, हम इस बात को मानते है कि एक दफा जब चेयर की रूलिंग आ जाए तो किसी मैम्बर को उस पर डिस्क ान करने की इजाजत नहीं होनी चाहिए। आपकी रूलिंग आ चुकी है इसके बाद भी अगर वे कोई एतराज करते है, डिसक ान करते है हाउस को चलने नहीं देते तो मैं कहूंगा कि ऐसे मैम्बर के खिलाफ स्ट्रिक्ट एक ान लिया जाना चाहिए। (व्यवधान)

श्री अध्यक्षः देखिए मैम्बर साहिबान, इस विशय पर मैंने अपनी रूलिंग दे दी है और मैं सब सदस्यों से रिक्वैस्ट करूंगा कि अगर किसी मैम्बर ने मेरी रूलिंग के बारे में कोई बात करनी है तो वह कृपया मेरे चैम्बर में आकर बात कर ले। हाउस के अन्दर मेरी रूलिंग के बारे में कतई डिस्क ान नहीं हो सकती। (व्यवधान) अब श्री कंवल सिंह रिपोर्ट पे ा करेंगे। (व्यवधान)

स्वामी आदित्यवे ाः

**************************************(विघ्न)**

श्री अध्यक्षः मेरी रूलिंग के बारे में जो बात कही जाए, वह रिकार्ड की जाए।

Voices: * * * * * * * *

श्रीमती भाान्ति देवीः आन ए प्वायंट आफ आर्डर। स्पीकर साहब, सरकार का यह निर्णय है कि जिस पंचायत से, भाराब का ठेका न खोलने के बारे में रैजोल्यू ान आ जाए, वहां ठेका नहीं खोला जाएगा।

श्री अध्यक्षः यह प्वायंट आफ आर्डर नहीं।

श्रीमती भाान्ति देवीः आप मेरी बात तो सुन लीजिए (व्यवधान)

श्री अध्यक्षः साहेबान, दो काल अटैं ान मो ान एडमिट हो चुके है जिनकी मंत्री महोदय जवाब दे चुके है। अगर फिर भी आपको कोई एतराज है, किसी चीज की क्लैरिफिके ान लेना चाहते है तो आप एक काल अटैं ान मो ान और दे सकते है, उसको एग्जामिन कर लेंगे।

अब श्री कंवल सिंह जी लोक सेवा समिति की रिपोर्ट पे ा करेंगे।

पब्लिक अकाउंटस कमेटी की तेहरवीं रिपोर्ट पे ा करना

श्री कंवल सिंह(सभापति, लोक लेखा समिति): मैं राजस्व विभाग के बारे में वर्श 1973–74 के लिए भारत के नियंत्रक व महालेखा परीक्षक की अनुपूरक रिपोर्ट पर वर्श

1978–79 के लिए हरियाणा विधान सभा की लोक लेखा समिति की तेरहवीं रिपोर्ट पे ा करता हूं।

वर्श 1979–80 के लिए बजट के अनुदानों की मांगों पर चर्चा तथा मतदान

श्री अध्यक्ष: अब वर्श 1979–80 के बजट की डिमांडज फार ग्रांटस पर बहस होगी और इसके साथ मतदान भी होगा। पहले से चली आ रही प्रैक्टिस के मुताबिक सदन का समय बचाने के लिए, आर्डर पेपर पर रखी गई, सब डिमांडज फार ग्रांटस एक साथ पढ़ी गई तथा पे ा की गई समझी जाएंगी। माननीय सदस्यगण किसी भी डिमांड पर डिस्क ान कर सकते है, लेकिन बोलते समय जिस डिमांड पर बोलना चाहते है उसका नम्बर बता दें। 12–30 बजे गिलोटीन एप्लाई किया जाएगा।

कि 34,74,000 रूपये से अनधिक धन–रा ि ा राज्यपाल को उन खर्चों को चुकाने के लिए अनुदान की जाए जो मांग संख्या 1–विधान सभा के अधीन व्ययों के बारे में वर्श 1979–80 के भुगतान के क्रम में आयेंगे।

कि 4,31,98,990 रूपए से अनधिक धन–रा ि ा राज्यपाल को उन खर्चों को चुकाने के लिए अनुदान की जाए जो मांग संख्या 4– राजस्व के अधीन व्ययों के बारे में वर्श 1979–80 के भुगतान के क्रम में आयेंगे।

कि 2,30,71,560 रूपए से अनधिक धन–रा ि । राज्यपाल को उन खर्चों को चुकाने के लिए अनुदान की जाए जो मांग संख्या 5– उत्पाद भाुल्क तथा कर के अधीन व्ययों के बारे में वर्श 1979–80 के भुगतान के क्रम मैं आयेंगे।

कि 5,01,92,085 रूपए से अनधिक धन–रा ि । राज्यपाल को उन खर्चों को चुकाने के लिए अनुदान की जाए जो मांग संख्या 6– वित्त के अधीन व्ययों के बारे में वर्श 1979–80 के भुगतान के क्रम मैं आयेंगे।

कि 3,80,73,430 रूपए से अनधिक धन–रा ि । राज्यपाल को उन खर्चों को चुकाने के लिए अनुदान की जाए जो मांग संख्या 7– अन्य प्र ाासनिक सेवाएं के अधीन व्ययों के बारे में वर्श 1979–80 के भुगतान के क्रम मैं आयेंगे।

कि 38,05,94,160 रूपए से अनधिक धन–रा ि । राज्यपाल को उन खर्चों को चुकाने के लिए अनुदान की जाए जो मांग संख्या 8– भवन तथा सड़कों के अधीन व्ययों के बारे में वर्श 1979–80 के भुगतान के क्रम मैं आयेंगे।

कि 1,24,98,310 रूपए से अनधिक धन–रा ि । राज्यपाल को उन खर्चों को चुकाने के लिए अनुदान की जाए जो मांग संख्या 11– नगर विकास के अधीन व्ययों के बारे में वर्श 1979–80 के भुगतान के क्रम मैं आयेंगे।

कि 6,29,38,310 रूपए से अनधिक धन–रा ि । राज्यपाल को उन खर्चों को चुकाने के लिए अनुदान की जाए जो मांग संख्या 13– कल्याण तथा पुनर्वास के अधीन व्ययों के बारे में वर्श 1979–80 के भुगतान के क्रम मैं आयेंगे।

कि 95,02,08,800 रूपए से अनधिक धन–रा ि । राज्यपाल को उन खर्चों को चुकाने के लिए अनुदान की जाए जो मांग संख्या 14– खाद्य एवं सप्लाई के अधीन व्ययों के बारे में वर्श 1979–80 के भुगतान के क्रम मैं आयेंगे।

कि 71,54,350 रूपए से अनधिक धन–रा ि । राज्यपाल को उन खर्चों को चुकाने के लिए अनुदान की जाए जो मांग संख्या 19– मछली पालन के अधीन व्ययों के बारे में वर्श 1979–80 के भुगतान के क्रम मैं आयेंगे।

कि 3,9871,940 रूपए से अनधिक धन–रा ि । राज्यपाल को उन खर्चों को चुकाने के लिए अनुदान की जाए जो मांग संख्या 20– वन के अधीन व्ययों के बारे में वर्श 1979–80 के भुगतान के क्रम मैं आयेंगे।

कि 33,22,260 रूपए से अनधिक धन–रा ि । राज्यपाल को उन खर्चों को चुकाने के लिए अनुदान की जाए जो मांग संख्या 24– पर्यटन के अधीन व्ययों के बारे में वर्श 1979–80 के भुगतान के क्रम मैं आयेंगे।

कि 58,25,00,500 रूपए से अनधिक धन–रा ि। राज्यपाल को उन खर्चों को चुकाने के लिए अनुदान की जाए जो मांग संख्या 25– राज्य सरकार द्वारा लिए गए कर्जों तथा पे ागियों के अधीन व्ययों के बारे में वर्श 1979–80 के भुगतान के कम में आयेंगे।

चौधरी बीरेंद्र सिंह(उचाना कलां): स्पीकर साहब, आज जो डिमांडज सदन में रखी गई है.....

डा0 बृज मोहनः आन ए प्वायंट आफ आर्डर। स्पीकर साहब, टाईम लिमिट रख दें तो अच्छा रहेगा, ऐसा करने से सब मैम्बर बोल सकते है।

श्री अध्यक्षः यह बहुत अच्छी सुजै ान है। अगर हाउस की सैंस है तो 5–5 मिनट फी मैम्बर के लिये टाईम फिक्स कर दिया जाए ताकि ज्यादा से ज्यादा मैम्बर डिस्क ान में हिस्सा ले सकें।

चौधरी बीरेंद्र सिंहः 10 मिनट से कम टाईम नहीं होना चाहिए। (व्यवधान)

कई सदस्यः 5 मिनट काफी है। 5 मिनट को टाईम रखने से बहुत से सदस्य बोल सकते है।

श्री अध्यक्षः चौधरी बीरेंद्र सिंह जी, आपको दो मिनट फालतू दे दूंगा, लेकिन मजोरिटी 5 मिनट के हक में है, इसलिए we will stick to 5 minutes.

चौधरी बीरेंद्र सिंहः स्पीकर साहब, आज सदन में जो डिमांडज रखी गई है, इन में से डिमांड सं0 1, 5, 7, 8 तथा 25 पर मैं अपने विचार रखना चाहता हूं। डिमांड संख्या 7 में 3,80,73,430 रूपये की रा ि ा रखी गई है जो अदर एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विसिज के हैड के नीचे है। इस हैड में हरियाणा भवन दिल्ली, होसपिटैलिटी डिपार्टमैंट की कंटीनें वगैरा के खर्चें आते हे जो इस डिमांड के अन्दर रखे गये है। पिछले हफते आदरणीय मुख्यमंत्री ने सदन में घोशणा की थी कि हरियाणा के मंत्री बचत की मरफ अपने कदम बढ़ा रहे है और एम0एल0एज0 फलैट में रहेंगे और टेलीफोन वगैरा की सहूलतें ज्यादा इस्तेमाल नहीं करेंगे। सारे सदन ने इस बात की प्र ांसाा की थी और कहा था कि यह बहुत अच्छा कदम है। (इस समय श्री उपाध्यक्ष पदासीन हुए) लेकिन अभी कल ही मुख्य मंत्री जी ने एक और घोशणा की कि जो बड़े मकान थोड़े किराये पर है उनको यूं का यूं रखा जाएगा। इस घोशणा से यह प्रतीत होता है कि मुख्य मंत्री तो ठीक है, वे अपनी घोशणा के मुताबिक एम0एल0एज0 होस्टल में चले गए लेनिक ऐसा नजर आता हैं कि बाकी पंद्रह के पंद्रह वजीर फलैटस में आने को तैयार नहीं है। (विघ्न)

चौधरी लाल सिंहः उपाध्यक्ष महोदय, मेरा एक प्वायंट आफ आर्डर है। इसमें कोई भाक नहीं कि मुख्य मंत्री जी ने भारत में एक मिसाल कायम कर दी अपने त्याग, सच्चाई और ईमानदारी की लेकिन एक बात सोचने की है कि यदि मिनिस्टर्ज अपनी कोठियां छोड़ करके फलैटस में चले जाएंगे तो एम0एल0एज0 को आप कहां भेजेंगे? दूसरी बात यह है कि ऐसा करने से स्टेट को कोई बड़ी भारी मदद नहीं होगी बल्कि इसकी बदनामी होगी क्योंकि यहां वी0आई0पीज0 आते जाते रहते है। इसके अलावा इन कोठियों का हमें किराया भी कोई नहीं देना पड़ता।

चौधरी बीरेंद्र सिंहः उपाध्यक्ष महोदय, मैं यह कह रहा था कि सरकार की नीयत यह नहीं थी कि मकान छोटे हों या बड़े हों बल्कि यह थी कि हरियाणा के लोग सरकार को चलाने के लिए जो करोड़ों रूपये का टैक्स देते है उसको बेरहमी से न खर्चा जाए। यही नहीं इसके पीछे यह नीयत भी थी कि जनता का जो लोग प्रतिनिधित्व करते है, जैसे एम0एल0एज0 हैं, मंत्री है और मुख्य मंत्री जी है, वे इस बात को सबसे ज्यादा महसूस करते है कि हरियाणा की गरीब जनता के पैसे का किसी किस्म का दुरूपयोग न हो। यह इसलिए भी किया गया था कि यह एक मिसाल बने उन अफसरों के लिए जो लाखों करोड़ों रूपया अपनी ऐ ाो–इ ारत पर बर्बाद करते हैं। यह इसलिए भी किया गया था ताकि लोगों में यह वि वास पैदा हो कि हरियाणा की जो सरकार है वह किसी तरफ भी गल्त तरीके से पैसा खर्च नही होने

देगी लेकिन वह उद्घोश आसमान में ही गूंज रहा था कि इन्होंने दूसरी घोशणा कर दी और ऐसा प्रतीत होता है कि ये अपने पहले फैसले से वापस कदमी कर रहे हैं। उपाध्यक्ष महोदय वैसे तो यह सारा 28 लाख रूपये का खर्चा है जो कि सारे बजट का .05 प्रति ात ही बनता है लेकिन मतलब दरअसल यह नहीं होता। आज देखने की बात यह है कि 603 करोड़ रूपये के बजट का 45 प्रति ात भाग केवल तनख्वाहों में, पैट्रोल पर और दूसरे इस किस्म के खर्चों में प्रयोग होता है जिसका डिवैल्पमैंट से कोई संबंध नहीं। बजट का 270 करोड़ रूपया अगर इस किस्म के खर्चों में प्रयोग हो तो वैलफेयर की जो बात है, लोगों को सुविधाएं जुटाने की जो बात है, इसमें अड़चन आती है। (विघ्न)

वित्त मंत्री(श्री मूल चंद जैन): उपाध्यक्ष महोदय, इनसे यह पूछा जाए कि ये कौन सी डिमांड पर बोल रहे है?

चौधरी बीरेंद्र सिंहः उपाध्यक्ष महोदय, मैं उस डिमांड पर बोल रहा हूं जिसमें हरियाणा भवन का जिक है, एम0एल0एज होस्टल का जिक है और हौसपिटैलिटी डिपार्टमैंट का भी जिक है।

उपाध्यक्ष महोदय, हरियाणा भवन में 34 सूटस है लेकिन 6 लाख रूपया गवर्नमैंट सबसिडी के तौर पर उसको देती है। यह बड़ी एनामली है क्योंकि कहा तो यह जाता है और यह बात अखबारों में भी आई है कि एम0एल0एज. और मिनिस्टर लोग वहां

ठहरते है लेकिन उपाध्यक्ष महोदय, अगर आप सारे आंकड़ें लें वहां तो 90 परसैंट हरियाणा के अफसर रूकते है क्योंकि वे किसी न किसी बहाने से वहां का प्रोग्राम बना लेते है। ऐसे जो खर्चें है, उनको कम करने के लिए या उन पर रोक लगाने के लिये हरियाणा की जो केबिनेट है, हरियाणा का जो विधान–मंडल है उसको स्वयं एक मिसाल कायम करनी चाहिए, इसलिए वह फैसला किया गया था।

इसके बाद डिप्टी स्पीकर साहब, मैं डिमांड नं0 5 पर अपने विचार रखूंगा। डिप्टी स्पीकर सहब, यह ठीक है कि ऐक्साइज एंड टैक्से ान डिपार्टमैंट हमारी वह एजैंसी है जिसके द्वारा करोड़ों रूपये हमारी गवर्नमैंट अपने खजाने में जमा करती है। इसके अलावा इस साल गवर्नमैंट की लाटरी की जो पालिसी थी वह नाकामयाब रही और मेरे आंकड़ों के मुताबिक हरियाणा स्टेट को 15 करोड़ रूपये का घाटा पड़ा है। लेकिन इनके आंकड़ों के अनुसार ऐसा प्रतीत होता है कि 25 और 26 करोड़ रूपये तक इनकी आमदन पहुंच गई है जिसकी वजह से हरियाणा सरकार को 11 करोड़ यपये का मुनाफा है। उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपकी सेवा में दो बातें रखना चाहता हूं । यह ठीक है कि ठेके नीलाम करने से स्टेट को ज्यादा पैसा आया है लेकिन इसका दूसरा पहलू भी है। इस संबंध में मैं आपको एक मिसाल देता हूं। अम्बाला के अन्दर 16 लाख रूपये का एक ठेका नीलाम हुआ। वह ठेकेदार 36,000 प्रूफ लीटर भाराब साल में उठाएगा। अगर इन

आंकड़ों के बारे में हम सोचें तो मतलब यह निकलता है कि दो सौ बोतल वह एक दिन में बेचेगा और एक बोतल की कीमत 26 रूपये पड़ेगी। (विघ्न)

आबकारी तथा कराधान मंत्री(चौधरी भोर सिंह): उपाध्यक्ष महोदय, ये कौन से ठेके की बात कर रहे है?

चौधरी बीरेंद्र सिंहः मैं अम्बाला के डी0सी0 रोड के ठेके की बात कर रहा हूं। (विघ्न) उपाध्यक्ष महोदय, यह बात मैं इसलिए कह रहा हूं कि अगर 26 रूपये में उसे भाराब की बोतल पड़ेगी तो वह कैसे 18 रूपये में बेचेगा? आठ रूपये के घाटे को वह कहां से पूरा करेगा? मैं तो समझता हूं कि इस घाटे को पूरा करने के लिए वह गलत भाराब बनाएगा और बेचेगा क्योंकि गलत भाराब की कास्ट उसको दो तीन रूपये पड़ती है। (विघ्न) उपाध्यक्ष महोदय यह बात मैं इसलिए कहता हूं क्योंकि सरकार ने इस बात का ध्यान नहीं रखा। एक तरफ तो इन्होंने भाराब के उठानरे में 40 परसैंट की कटौती की है लेकिन दूसरी तरफ ठेके की बोली इतनी ज्यादा गई कि सरकार को यह आंकड़े नजर नहीं आएं कि जो आदमी 26 यपये की बोतल खरीदेगा वह उसे 18 यपये की कैसे बेचेगा और वह इस घाटे को कैसे पूरा करेंगा? इससे तो डिप्टी स्पीकर साहब, हरियाणा में इलीसिट डिस्टिले ान होगी और वह आदमी करोड़ों रूपये कमाएगा। उपाध्यक्ष महोदय, हमारे एक्साइज एंड टैक्से ान डिपार्टमैंट के जो कानून है, जो रूल्ज है वे ऐसे है कि देहात में अगर दो बोतल भाराब भी कहीं से

निकलती पकड़ी जाए तो संबंधित व्यक्ति को 6 महीने के लिए जेल में जाना पड़ता है और पुलिस उसके ऊपर ऐक ान लेती है लेकिन भाहर के अन्दर अगर ऐसा हो तो उस पर पुलिस उसके ऊपर ऐक ान लेती है लेकिन भाहर के अन्दर अगर अगर किसी की इलीसिट डिस्टिले ान की भटिठयां भी पकड़ी जाएं तो उसके ऊपर डिपार्टमैंट कार्यवाही करता है। मुझे कैथल का एक केस याद है। छः महीने पहले वहां एक डिस्टलरी पकड़ी गई। जब भाोर किया गया कि उस व्यक्ति को पुलिस के हवाले करो तो कहा गया कि यह डिपार्टमैंट की औप ान है या तो वह पुलिस केस बनवा ले या खुद डील कर ले। खुद इन्होंने क्या किया? पांच हजार रूपये की पैनल्टी लगा कर खु ा हो गए।

श्री उपाध्यक्षः आप दो मिनट में वाइंड अप कर लीजिए।

चौधरी बीरेंद्र सिंहः तो मैं एक्साइज एंड टैक्से ान मिनिस्टर साहब से यह प्रार्थना करूंगा कि वे कानून में ऐसा प्रावधान करें जिससे ठेकेदारों द्वारा किए जाने वाले इलीसिट डिस्टिले ान के केसिज को सीधे पुलिस के हवाले किया जा सके और जैसा हम रोज अखबारों में पढ़ते है कि नकली भाराब पीने से बिहार में या बम्बई में सैकड़ों आदमी मर गए इस तरह की घटनाएं हरियाणा में न हो। क्योंकि ऐसी भाराब से सैंकड़ों आदमी बम्बई में मरे हैं इसलिए हरियाणा में ऐसी दुकानें न हों।

दूसरी बात मैं सेल्ज टैक्स के बारे में अर्ज करना चाहता हूं । अभी पिछले दिनों मंत्री महोदय ने यहां हाउस में जवाब दिया कि यमुनानगर में ऐक्साइज और टैक्से ान के अधिकारियौं ने किसी बिजनैस प्रिमिसिज पर रेड किया था तो उन लोगों को पीटा गया। उन अधिकारियों ने पुलिस में केसिज दर्ज करवाये थे लेकिन वे बिजनैसमैंन किसी खास आदमी से ताल्लुक रखने वाले थे, भााखाओं में जाने वाले थे इसलिए उनके केसिज साबका गृह मंत्री जी ने विदड्रा करवा दिए। अगर इस तरह से केसिज को विद्रडा किया जाता है तो सारे के सारे अधिकारियों में डिमोरेलाइजे ान आयेगी। वे जिस नेक–नीयत से काम करना चाहते है, नहीं कर पायेंगे। सेल्ज टैक्स के बारे में यह अर्ज करना चाहता हूं कि इसका बहुत ज्यादा इवेजन होता है। अगर सरकार कड़े तरीके अपना कर इसको वसूल करे तो जहां 171 करोड़ रूपये एक्साइज एंड टैक्से ान से जाता है उससे भी ज्यादा पैसा मिल सकता है। एक ई0टी0ओ0 असैसमैंट करता है, अगर वह गलत करता है तो उसके खिलाफ बिजनैस मैन अपील कर सकता है लेकिन सेल्ज टैक्स में बहुत बड़ें फला हैं (विघ्न)

श्री उपाध्यक्षः आपका समय हो गया। श्री फतेहचंद जी आप बोलें।

चौधरी बीरेंद्र सिंहः मैं सिर्फ एक मिनट लेना चाहता हूं। (विघ्न)

श्री उपाध्यक्षः आप रिपीट कर रहे है।

चौधरी बीरेंद्र सिंहः उपाध्यक्ष महोदय मुझे आप पूरी बात करने का मौका तो दें।

श्री उपाध्यक्षः मैंने श्री फतेह चंद विज को बोलने के लिए कह दिया। अब आप बैठिए (विघ्न)

चौधरी बीरेंद्र सिंहः मैं दो मिनट में समाप्त करता हूं।

श्री उपाध्यक्षः अब आप बैठिए।

चौधरी बीरेंद्र सिंहः मुझे आप वाइंड–अप करने का तो मौका दें।

श्री उपाध्यक्षः आपको एक मिनट और दे रहा हूं।

चौधरी बीरेंद्र सिंहः बहुत अच्छा जी।

विकास मंत्री(ठाकुर बीर सिंह): उपाध्यक्ष महोदय, हाउस की सैंस ले कर हर मैम्बर का टाईम मुकर्रर किया हुआ है। इन्होंने डबल टाईम तो पहले ही ले लिया है।

Mr. Deputy Speker: He will now wind up in one minute.

चौधरी बीरेंद्र सिंहः उपाध्यक्ष महोदय मैं सेल्ज टैक्स और ऐक्साइज की बात इसलिए कर रहा था कि इस बारे में कुछ सुझाव भी हाउस के सामने रखना चाहता हूं। मैं कोई नुक्ताचीनी

की गर्ज से ही नहीं खड़ा हुआ हूं। मंत्री महोदय का इस ओर ध्यान जाना चाहिए कि हजारो की तादाद में मैटाडोर गाडिया हरियाणा में किराये के रूप में चल रही है। उनके रोहतक में बाकायदा अड्डे बने हुए है। वे सवारियों को लेकर जाती है लेकिन उनसे कोई पैसेंजर टैक्स वगैरह नहीं लिया जाता है। इसलिए उन पर टैक्स लगना चाहिए। जो अपने आपको जनता पार्टी के एक्टिव वर्कर कहते है वे लाखों रूपया कमा रहे है। इसलिए मैं मंत्री महोदय के नोटिस में ला रहा हूं कि अगर उन सोर्सिज को टेप किया जाये तो सरकार को लाखों रूपए की आमदनी हो सकती है। इन भाब्दों के साथ मैं आपका धन्यवाद करते हुए अपना स्थान लेता हूं।

श्री उपाध्यक्षः अब पोहलू साहब बोलेंगे।

चौधरी जगजीत सिंह पोहलू(पाई): डिप्टी स्पीकर साहब.....

कंवर राम पाल सिंहः आन ए प्वायंट आफ आर्डर सर। मैं आपसे जानना चाहता हूं कि राव बीरेंद्र सिंह जी की सीट से आज पोहलू साहब कैसे बोल रहे है? क्या यह सीट उनको दे दी गई है?

श्री उपाध्यक्षः उनका माईक खराब है, इसलिए वह यहां से बोल रहे है।

चौधरी जगजीत सिंह पोहलू: डिप्टी स्पीकर साहब, आपकी बहुत–बहुत मेहरबानी, आपने मुझे समय दिया। मैं डिमांड नम्बर चार जो रेवेन्यू के बारे में है और डिमांड नम्बर आठ जो रोडज के बारे मैं है इन पर बोलना चाहता हूं। कुछ थोड़ा सा डिमांड नम्बर एक जो विधान सभा के बारे में है उस पर भी अर्ज करना चाहता हूं। डिप्टी स्पीकर साहब, जब से जनता सरकार वजूद में आई है तब से हम बड़ी उम्मीदें लगाये बैठे थे कि कांग्रेस ने जो गलतियां की है उन्हें वे नहीं करेगें। हमारे पुराने सियासी लीडर चौधरी देवी लाल जी आज चीफ मिनिस्टर है हमैं ख्याल था कि इनके होते जनता का बहुत भला होगा, गरीब किसानों का भला होने की भी उम्मीद दिखाई देती थी लेकिन भला नहीं हुआ। इसकी मिसाल मैं देता हूं कि आज तकरीबन एक महीना **(11.00बजे)** पहले गुड़ का भाव 25 रूपये मन से कम था (व्यवधान) डिप्टी स्पीकर साहब, उस समय चीनी का भाव अढ़ाई रूपये किलो का खुले बाजार में था। अब की जो हालत है, वह आप भी सुन लो।.....(व्यवधान)..... डिमांड नं0 4 में यह बात आती है। डिप्टी स्पीकर साहब, किसान की सबसे बड़ी बदकिस्मती यह रही है कि मेनत तो वह करता है और उसका फायदा दूसरे उठाते है। किसान इस दे ा की फौज में भर्ती होकर दे ा को बाहरी हमलों से भी बचाता है। चीन को उसने मुंह तोड़ जवाब दिया था कान्ति देसाई या सुरे ा न नहीं दिया था। आज किसान के ऊपर डिवाईड एंड रूल की पालिसी लागू करके दबाया जा रहा है। उसे चार हिस्से में बांटा गया है। छः एकड़ तक

वाले का मालिया माफ। दस एकड़ से बारह एकड़ तक लैंड टैक्स बढ़ाया गया है और उससे बेचारे किसान को मार दिया है। यह क्यों किया गया है? यह इसलिए किया गया है ताकि किसानों की रैली में जो एकता दिखाई दी है, उसे तोड़ा जाये। डिप्टी स्पीकर साहब, अगर चार करोड़ रूपया जो किसानों पर टैक्स का लगाया गया है इसे कारखनेदारों पर लगाते, भारमायेदारों पर लगाते तो उससे किसानों का कुछ भला होता। लेकिन हमारे फाईनैंस मिनिस्टर साहब ने यह बात समझ ली है कि किसानों की एकता को तोड़नें के लिये यह जरूरी है कि इनको रगड़ो। इनकी पब्लिक स्टेटमैंट है कि जब हम सारी सुविधाएं देहात वालों को देने जा रहे है तो क्या न देहात पर भी टैक्स लगाए जायें। डिप्टी स्पीकर साहब, अगर इनकी इसी बात को लें तो ये इन्ही का जूता इन्हीं का सिर वाली बात सिद्ध कर रहे है। गरीब और अमीर का फर्क फिर कैसे कम होगा? सिर्फ गरीब के लिए यह बजट है, ऐसा कहना बिल्कुल गलत है। अफसोस की बात है कि देहात और भाहर का सवाल यहां पर पैदा हो रहा है जोकि नहीं होना चाहिए था। उलटा उनके ऊपर टैक्स लगाते चल जायें, यह कोई उचित बात नहीं। सब एम0एल0एज0 साहेबान को इन गरीब भाईयों का भला करना चाहिए। आज किसान के ऊपर इतने टैक्स है कि वह मुकम्मल तौर पर उनके बोझ से दब चुका है और वह मजबूर होकर बगावत भी कर सकता है। जब किसान एमरजैंसी के दौरान नहीं दबे तो अब तो दबने का सवाल ही पैदा नहीं होना चाहिए। इसलिए, डिप्टी स्पीकर साहब, मैं यह कहना

चाहता हूं कि किसान को और तबाही से बचने के लिए उसके ऊपर टैक्सों का और बोझ न लादा जाये। जो चीजें उसे खरीदनी पड़ती है, वे उसको सस्ते भाव पर मुहैया की जाये और जो उसकी पैदावार हे उसकी उसे उचित कीमत दिलवायी जाये।..... (व्यवधान)..... आज गुड़ का भाव 55 रूपये मन हो गया है। इसलिए इस पर भी कंट्रोल किया जाये।

डिप्टी स्पीकर साहब, डिमांड नं0 8 बिल्डिंगज एंड रोडज की है जोकि 38 करोड़ रूपये से कुछ ज्यादा की है। यह पैसा काफी ज्यादा है। सड़कों के बारे में हम सब को पता है कि अगर 38 करोड़ रूपया हम मंजूर करेंगे तो मुि कल से 19 करोड़ रूपया वहां तक पहुंचेगा। इस सिस्टम को हमैं बदल देना चाहिए। मेरी राय यह है कि आप वजीर चाहे जितने मर्जी बनाओ, बे ाक हरेक डिपार्टमैंट के लिए एक अलग मिनिस्टर बना लो, लेकिन वह ऐसा होना चाहिए जो महकमैं के सारे काम को मौके पर जाकर चैक करे। मैं यह भी कहना चाहता हूं कि आपके इस महकमें में बहुत से अफसर ऐसे है जो सरकार को फेल करना चाहते है। मैं यह चाहता हूं कि जो आपके यहां गलत अफसर भर्ती हुए है, उनको बे ाक आप निकाल दें लकिन काम ठीक तरीके से चलना चाहिए। यह जो ठेकेदारी का सिस्टम है, इसको भी बंद किया जायें। ठेकेदारों से जब तक डिपार्टमैंट वालों को हिस्सा नहीं मिलता तब तक कोई काम नहीं होता। उनके जो परसैंटैज दी जाती है उसकी वजह से आज इस महकमें के लोगों को इतनी

आमदनी हैं जिसकी कोई हद नहीं है। इसके बावजूद भी आप कहते है कि इस बजट को हम पास कर दें। पी.डब्ल्यू.डी. के महकमें के जितने लोग है, उनकी आमदनी क्या है उनकी प्रापर्टी क्या है, उनकी अगर जायज आमदनी का हिसाब लगाकर देखा जाये तो उससे कहीं ज्यादा निकलेगी। उनकी जा फालतू आमदनी है, अगर वह जब्त करके गरीबों को दे दी जाए तो इससे बहुत से लोगों का भला हो सकता है। एक बात इक्वैलिटी आफ ला की यहां पर कही जाती है। जमींदार की जमीन की तो हद 18 एकड़ रख दी गई है जिससे आम किसान पिट गया है जबकि कारखानेदार, सरमायेंदार, और भाहरी इंडस्ट्रियलिस्टस की 90,000 रूपये से भी ज्यादा की है। इसलिए इस रकम से ऊपर की इनकी जितनी जायदाद है, वह सब सरकार गरीबों में बांट दे क्योंकि एक एकड़ जमीन की कीमत लगभग 5,000 रूपये हैं। अगर आप ऐसा करेंगे तो जो गरीब बच्चों को सड़क पर रोड़ी कूटने या कोई और काम करने के लिए अपने मां बाप के साथ जाना पड़ता है, उनकों वहां पर नहीं जाना पड़ेगा। उन नाबालिग लड़कियों को जिन्हें दिहाड़ी करके अपना पेट पालना पड़ता है, उनकों भी सड़क पर काम करने के लिए नहीं जाना पड़ेगा। आम जनता को इससे कोई एतराज नहीं हैं। सरकार जब तक अर्बन लैंड पर सीलिंग नहीं लगाती तब तक जनता का कोई भला होने वाला नहीं है।.....

.....

अन्त में मैं यही कहना चाहता हूं कि इस सरमायेदार को बदलो और ज्यादा नहीं तो कम से कम ठाकुर बीर सिंह जी को फाईनैंस मिनिस्टर बनाया जाए। जय हिन्द।

श्री मनी रमा(डबवाली–अनुसूचित जाति): डिप्टी स्पीकर साहब, मैं डिमांड नं0 13 और 4 के बारे में कुछ कहना चाहता हूं। मांग संख्या 13 के सन्दर्भ में मैं अपनी जनता सरकार को बधाई देना चाहता हूं कि इस ने जो विद्यार्थियों को वजीफा पहले 8 रूपये महीना मिलता था, उसे बढ़ाकर 16 रूपये कर दिया है। यह बड़ी सराहना की बात है। यह जो वजीफा हरिजनों और बैकवर्ड विद्यार्थियों को ही मिलता है, यदि इसे दूसरी जातियों के गरीब बच्चों के लिये भी कर दिया जाये तो इससे अच्छी कोई बात नहीं हो सकती है। इसके अलावा यह जो 8 रूपये से बढ़ाकर 16 रूपये वजीफा किया गया है, अगर इसे पहली जमात से सातवीं जमात तक के बच्चों के लिये भी दिया जाये तो अच्छी बात होगी।

उपाध्यक्ष महोदय, पहली सरकार के वक्त में ओल्ड ऐज पैं ान 25 रूपए दी जाती थी लेकिन हमारी जनता सरकार ने इसको पच्चीस से बढ़ाकर पचास रूपया कर दिया है। इसके लिए मैं सरकार को बधाई देना चाहता हूं। उपाध्यक्ष महोदय, अभी भी हमारे देहात में ऐसे लोग है जो बहुत बूढ़े है और जिनका कोई सहारा नहीं है, मेरी सरकार से प्रार्थना है कि ऐसे बेसहारा लोगों को जल्दी से जल्दी पैं ान दी जाए।

उपाध्यक्ष महोदय, मैं डिमांड नम्बर 13 के बारे में थोड़ा सा और कहना चाहता हूं। हमारी सरकार ने हर गांव में हरिजन चौपाल बनाने का फैसला किया है यह बहुत ही अच्छा फैसला है और बड़ा सराहनीय कदम है। हरियाणा प्रान्त भारतवर्श में पहला प्रांत है, जहां इस प्रकार की स्कीम आरम्भ की गई है। पहले जब हरिजन लोगों के कोई बारात आती थी तो ज्यादा मेहमान आ जाते थे तो उनके ठहरने की कोई व्यवस्था नहीं थी। मुझे पूरी आ ाा है कि आने वाले समय में एक भी गांव ऐसा नहीं रहेगा जहां पर हरिजन चौपाल नहीं होगी।

उपाध्यक्ष महोदय, अब मैं डिमांड नं0 4 के बारे में कहना चाहता हूं जो रेवेन्यू के बारे में है। पहले सरकार ने सवा छः एकड़ तक मालिया बिल्कुल माफ किया था और यह सरकार का बहुत अच्छा कदम था। इसके अलावा इस बजट में सवा छः एकड़ से ज्यादा जमीन के लैंड होल्डिंग्ज टैक्स पर जो 33 परसेंट सरचार्ज लगाया था सरकार ने उसको भी वापिस ले लिया है, यह भी बहुत ही अच्छा काम हमारी सरकार ने किया है। इससे छोटे किसानों को काफी राहत मिलेगी। मैं अपने वित्त मंत्री को इसके लिए बधाई देना चाहता हूं। उपाध्यक्ष महोदय, मैं इतना ही कहकर समाप्त करता हूं।

श्री मूल चंद मंगला(पलवल): आदरणीय उपाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने के लिए टाईम दिया इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं। मैं सब से पहले डिमांड नम्बर पांच

पर बोलना चाहता हूं जो कि ऐक्साइज एंड टैक्से ान के बारे में है। बाबू मूल चंद जी जब मिनिस्टर नहीं थे तो कहा करते थे कि हमने जनता से वायदा किया था कि हम अगर सत्ता में आ गए तो सेल्ज टैक्स को खत्म कर देंगे। मैं यह जानता हूं कि कोई भी सरकार बगैर टैक्स के नहीं चल सकती है। मैं सैल्ज टैक्स के बारे में एक सुझाव देना चाहता हूं जिससे कि इसको खत्म किया जा सकता है। हमारी स्टेट की सेल्ज टैक्स से आमदनी साठ करोड़ है और जैसा कि सैंटर कहता है कि अगर कोई स्टेट सेल्ज टैक्स खत्म करती है तो हम उस स्टेट का आधा घंटा पूरा करेंगे। इस प्रकार से उपाध्यक्ष महोदय, तीस करोड़ रूपया सेंटर से मिल जाएगा। तीस करोड़ रूपया बाकी बचता है। इसको पूरा करने के लिए सरकार को चाहिए कि सेल्ज टैक्स की बजायें यहां पर कोई चीज बनती है, मैनुफेकचर होती है वहां पर पैंतीस करोड़ की एक्साइज ड्यूटी लगा दें। इससे हमारी आमदनी पांच करोड़ और बढ़ जाएगी। उपाध्यक्ष महोदय, आमतौर पर यह महसूस किया जाता है कि बिजनैसमैन बेईमान है। ऐसा करने से लोगों की यह ि ाकायत भी दूर हो जाएगी और बिजनैस कम्युनिटी को हिसाब किताब रखने में जो आजकल परे ाानी होती है वह भी खत्म हो जाएगी और हमारी स्टेट की आमदनी भी बढ़ जाएगी।

उपाध्यक्ष महोदय, हलवाइयों पर जो टैक्स लगाया है या टैक्स लगाने की जो नीति बनाई है, मैं समझता हूं कि सरकार को इससे आमदनी बहुत कम होगी और भाोर ज्यादा मचेगा और

हलवाइयों को भी ज्यादा परे ाानी होगी। उपाध्यक्ष महोदय ज्यादातर हलवाई अनपढ़ होते है, अगर उनके ऊपर टैक्स लगता है तो उनको काफी परे ाानी होगी और वे कोई हिसाब किताब नहीं रख पाएंगे। मैं चाहूंगा कि हलवाइयों पर कोई टैक्स नहीं लगना चाहिए। इससे कोई वि ोश फायदा होने वाला नहीं है और ऐसा करने से ऐजीटे ान होने का भी डर है।

उपाध्यक्ष महोदय, अब मैं डिमांड नम्बर 8 जो बिल्डिंग एंड रोडज के बारे में है, की बाबत कहना चाहता हूं। हरियाणा में बारह तेरह सड़कें ऐसी हैं जो पंचायतों की है और उन्हें गवर्नमैंट ने अपने कब्जे में नहीं लिया है। उनकी हालत काफी खराब है और उन पर चलना भी काफी मु कल है। मैं सरकार से अनुरोध करूंगा कि सरकार उनको अपने कब्जें में ले ताकि लोगों को सुविधा मिल सकें। हमारे यहां एक कारना गावं है। मुख्य मंत्री महोदय वहां गए थे और उस सड़क को उन्होंने देखा था। उन्होंने कहा था कि इस सड़क पर लोग कैसे चलते होंगे। सारी सड़क पंचायत की है। मुख्य मंत्री महोदय ने वि वास दिलाया था कि इस सड़क को सरकार ले लेगी और कोि ा ा करेगी की इसकी मुरम्मत जल्दी की जाए। मेरी सरकार से प्रार्थना है कि हमारे प्रान्त में जितनी भी पंचायत की सड़कें है और जिनकी हालत खराब है उनको सरकार ले ले और उनकी मुरम्मत कराए ताकि आम जनता को और किसानों को लाभ हो। कई

दफा देखा गया है कि जब किसान अपनी बैल गाड़ी लाते है तो उनको ऐसी सड़कों की वजह से काफी नुक्सान होता है।

उपाध्यक्ष महोदय, डिमांड नं0 11 अर्बन डिवैल्पमैंट से संबंधित है। अर्बन डिवैल्पमैंट के लिए सरकार ने जो खर्चा रखा है उसका बंटवारा ठीक तरीके से नहीं किया गया हैं। यह देखा गया है कि कुछ मयुनिस्पिल कमेटीज को तो बहुत ज्यादा पैसा दिया गया है और म्युनिसिपल कमेटीज को बहुत कम पैसा दिया गया है। जिन म्युनिसिपल कमेटीज की आमदनी सैंकड़ों लाख रूपए है उन्हीं को बजट में ज्यादा पैसा दिया गया है और जिनकी आमदनी पंद्रह बीस लाख रूपया है उनको कम पैसा दिया गया है। मेरी सरकार से प्रार्थना है जिन म्युनिस्पिल कमेटीज की आमदनी कम है उनको ज्यादा पैसा दिया जाना चाहिए। जिस कैटेगरी में जिस म्युनिसिपल कमेटी को रखा गया है उसको उसी रे ाो में पैसा मिलना चाहिए। उपाध्यक्ष महोदय, मैं पलवल म्युनिस्पिल कमेटी की बाबत बताना चाहता हूं। वहां पर सिवरेज का काम चल रहा है लेकिन केवल 1.10 हिस्से में चल रहा है। इसका मतलब यह है कि जहां पर बड़े लोग रहते है, अफसर रहते है वहां पर यह सिस्टम लागू नहीं होगा। मेरी प्रार्थना है कि सरकार वहां पर अधिक पैसा दे ताकि सारे भाहर में सिवरेज सिस्टम चालू हो सके। वैसे तो मेरी सरकार से प्रार्थना है कि सभी भाहरों में सिवरेज सिस्टम चालू होना चाहिए लेकिन जहां पर सिवरेज सिस्टम के लिए काम किया जा रहा है वहां पर सरकार को अधिक

पैसा देना चाहिए। ताकि वहां पूरे भाहर की डिवैल्पमैंट हो सके। उपाध्यक्ष महोदय, आखिर में मैं फौरेस्ट डिपार्टमैंट के बारे में कहना चाहता हूं । जितना पैसा इस विभाग को दिया गया है, इस पर इससे भी ज्यादा खर्चा होना चाहिए। यह ठीक है कि पहले से पैसा ज्यादा रखा गया है लेकिन मेरी सरकार से प्रार्थना है कि और अधिक पैसा इस विभाग को दिया जाए। मैंने पहले भी कहा था कि फौरेस्ट विभाग को फलदार वृक्ष लगाने चाहियें। इससे दो फायदे होंगे एक तो बीमारी कम होगी और दूसरे लोगों को खाने के लिए फल मिल सकेंगे। मेरी सरकार से प्रार्थना है कि वह फौरेस्ट डिपार्टमैंट को आदे ा दे कि वह कम से कम पचास परसैंट फलदार वृक्ष लगाए और पचास परसैंट दूसरे वृक्ष लगाए। उपाध्यक्ष महोदय, इतना कहकर मैं समाप्त करता हूं।

चौधरी हरि चंद हुड्डा(किलोई): डिप्टी स्पीकर साहब, बजट के बारे में जो ये धारा एक से लेकर पच्चीस तक है, इनके बारे में मैं अपने रिस्पैक्टेबल मैम्बर्ज और आफिसर्ज को यह बताना चाहता हूं कि इसका ओरिजन क्या है (व्यवधान)। मैं डिमांड नम्बर चार पर बोलना चाहता हूं कि यह जो धारा हमारे सामने आई है या जो बजट हमारे सामने आया है दरअसल यह डैमोक्रेसी पैदा करता है, सो ालिजम पैदा करता है और पूंजीवाद पैदा करता है, डिक्टेटरि ाप पैदा करता है। अगर घर के बजट का हमारी मां बंटवारा करती है तो डैमोक्रेसी पैदा होती है और इसी बजट का उसी घर में हमारी चाची बंटवारा करती है तो

सो ालिजम पैदा होता है। अगर उसी घर के बजट का हमारी मौसी बंटवारा करती है तो पूंजीवाद और डिक्टेटरि ाप पैदा होती है।

डिप्टी स्पीकर महोदय, 30 साल से इस दे ा के अन्दर पूंजीवाद और मौसीवाद की हकूमत चल रही थी। आज जो बजट आया है उसमें एक से लेकर पच्चीस तक जो मदें है, उनमें जो बंटवारा दिखाया गया है, वह सही डैमोक्रेसी का, सही मां का बंटवारा दिखाई पड़ता है.....(ाोर)

श्री उपाध्यक्षः हुड्डा साहब, आप तो इस मसले पर किताब लिख सकते हो।

चौधरी हरि चंद हुड्डाः डिप्टी स्पीकर साहब, यह जो बजट है, इस बजट को देहात में.....(ाोर)

श्रमती सुशमा स्वराजः उपाध्यक्ष महोदय, हमारे दे ा में चाचा और मौसा तो बंटवारा कर सकते है, लेकिन चाची और मौसी नहीं करती। इसलिए इन्होंने पता नहीं कहां से यह ओरिजन बताया है। हमारे दे ा में कभी चाची या मौसी बंटवारा नहीं करतीं।

चौधरी हरि चंद हुड्डाः डिप्टी स्पीकर साहब, जितना भी बंटवारा यहां हमारे दे ा में किया गया है, वह लक्ष्मी ने ही किया है यानी आदमी कभी भी बंटवारा करने वाला नहीं हुआ। यह जो बजट यहां पर पे ा किया गया है, अगर यह अस्सी

फीसदी किसानों और मजदूरों का भला नहीं करता तो हम सभी इस पर यह कह देंगे कि आज जो सरकार की मां वाद की पालिसी है, उसको हम नहीं चलने देंगे। डिप्टी स्पीकर साहब, कल चीफ मिनिस्टर साहब ने कहा था कि मैं आक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से अर्थ भाास्त्र नहीं सीख रहा हूं.....
.....(ाोर)

आवाजें: उपाध्यक्ष महोदय, समय का भी ध्यान रखा जाए।

श्री उपाध्यक्षः हुड्डा साहब, आपका समय हो गया है आप बंद करिए।

चौधरी हरि चंद हुड्डाः डिप्टी स्पीकर साहब, सिर्फ एक दो बातें और कह कर मैं समाप्त करूंगा। जो लोग आक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से तीस सालों से अर्थ भाास्त्र सीख कर यहां पर आए है वे थ्यूरी पर ही रहे है और उसको कोई फायदा नहीं रहा। आप को पता है कि जो देहात का आदमी होता है वह प्रैक्टीकल काम करता है और वह बिना कुछ सीखे कामयाबी हासिल करता है। इसलिए मेरे कहने का मतलब यह है कि थ्यूरी की बजाए आदमी को प्रैक्टीकल पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए तभी इस दे ा का ज्यादा उत्थान हो सकता है.....(ाोर एवं व्यवधान)

स्वामी आदित्यवे ा: उपाध्यक्ष महोदय, मेरा व्यवस्था का प्र न है कि भाई हुड्डा साहब भाई, मौसी, चाचा और चाचीवाद पर बोल रहे है या कि बजट की किसी मद पर बोल रहे है? (ाोर)

श्री उपाध्यक्ष: स्वामी जी आप बैठिए, हुड्डा साहब खत्म करने जा रहे है, इनका समय खत्म हो गया है..... (ाोर).....

चौधरी हरि चंद हुड्डा: डिप्टी स्पीकर साहब, मैं स्वामी जी को यह बताना चाहता हूं कि मैंने गलत बात कही। मैं सही बात पर ही बोल रहा हूं। मैंने काम करके खाया है न कि मुफ्त में बैठ कर खाया है (ाोर)। मैं अपनी सरकार को और अपने अफसरों को निवेदन करूंगा कि जो बजट प्रोपोजल्ज है, उनको सही ढ़ंग से इम्पलीमैंट किया जाए। इस बजट में जो कुछ रखा गया है, मैं उसकी कामयाबी की प्रार्थना करता हूं और उम्मीद करता हूं कि हमारी सरकार इसको सिरे चढ़ाएगी। इन भाब्दों के साथ मैं आपका धन्यवाद करता हुआ अपना स्थान लेता हूं कि आपने मुझे बोलने का समय दिया।

चौधरी नारायण सिंह(पटौदी–अनुसूचित जाति): उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपका धन्यवाद करता हूं कि आपने मुझे बोलने का समय दिया। सबसे पहले मैं डिमांड नम्बर आठ जो कि सड़कों के संबंध मैं है, उस पर बोलना चाहता हूं। हमारे पटौदी

हलकें में बहुत सारी सड़कें ऐसी है जिनका बनाया जाना बड़ा ही आव यक है। मुझे पूर्ण आ ाा है कि संबंधित मंत्री महोदय मेरी इस प्रार्थना पर अव य ही ध्यान देंगे। सब से पहली रोड है घानी महचाना। इसको पटौदी और हेली मंडी को जाने वाली सड़क से मिलाया जाना चाहिए, यह कोइ दो अढ़ाई फर्लांग का फासला हैं। दूसरी सड़क है मुबारिकपुर से मूंडा खेड़ा। तीसरी फारूखनगर से चांद डानी, यहां पर एक हरिजनों की बस्ती है। इससे आगे है फारूखनगर से फाजलपुर। एक सड़क है गुगाना से पटौदी। फारूखनगर से हेली मंडी को जाने वाली रोड केवल आधा फर्लांग के लगभग है। इसमें कई मोड़ भी आते है और यह सड़क हरिजनों के घरों से होकर जाती है। इसको अगर सीधा किया जाए तो हरिजनों को इससे बहुत लाभ होगा और लोग एक्सीडेंट से भी बचेंगे। मुझे पूर्ण आ ाा है कि सरकार इस तरफ ध्यान देगी।

उपाध्यक्ष महोदय, अब मैं डिमांड नम्बर तेरह के बारे में बोलना चाहता हूं। इसके तहत हरिजनों को जो मकान बनााने के लिए ग्रांट दी जाती है वह बहुत थोड़ी है, अतः मेरी सरकार से रिक्वैस्ट है कि जो दो हजार रूपए के लगभग ग्रांट की रा ि ा है उसको बढ़ा कर तीन हजार रूपए तक कर दिया जाए ताकि गरीब हरिजनों को और दूसरे गरीबों को कुछ राहत मिल सके। इन भाब्दों के साथ मैं आपका धन्यवाद करता हुआ अपना स्थान लेने

से पहले एक बार फिर सरकार से कहूंगा कि जो–जो बातें यहां पर कहीं गई है, उनकी तरफ खास तवज्जहो दी जाए।

श्रीमती सुशमा स्वराज(अम्बाला छावनी): उपाध्यक्ष महोदय, आज 13 विभिन्न विभागों की मांगे, जो कि इस सदन के सामने रखी गई है, उन पर चर्चा चल रही है। मैं समय के अभाव को देखती हुई उनमें से मांग नम्बर 1, 5, 14 तक ही अपनी बात को सीमित रखना चाहूंगी। सबसे पहले मैं मांग नम्बर एक को लेकर अपने विचार रखूंगी जिसमें 34,74,000 रूपया विधान सभा के लिए मांगा गया है। .... जब हमारे वित्त मंत्री महोदय अपना बजट भाशण पढ़ रहे थे तो मुझे दु:ख हुआ यह देखकर कि उसमें एक पूरा पन्ना सर्विसिज की भलाई के लिए था। उसमें कहीं पर तो वर्क चार्ज्ड एम्पलाईज के वेतनमानों का जिक्र है और कहीं पर एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी के प्रोफेसरर्ज के वेतनमानों का जिक्र है लेकिन न मालूम हमारे वित्त मंत्री महोदय के नोटिस में यह बात क्यों नहीं आई कि इस बजट में.....

उपाध्यक्ष महोदय, अब मैं मांग नम्बर पाचं पर अपने विचार रखना चाहूंगी। जब मैं वित मंत्री महोदय का बजट भाशण पढ़ रही थी, तो एक हैरानगी की बात मेरे सामने आई। उसमें यह लिखा था कि 40 हजार से व्यापारियों का टैक्सेबल क्वांटम एक लाख कर देने से और मैनुफैक्चरर्ज का दस हजार बढ़ा कर पच्चीस हजार कर देने से सरकार को चौदह लाख रूपए की बिक्री

कर की हानि होगी। उपाध्यक्ष महोदय, मुझे समझ नहीं आता कि वित मंत्री महोदय ने किस आधार पर ये आंकड़े आंके है। मेरी जानकारी के अनुसार यह क्वांटम एक लाख की बजाए चाहे कितना भी क्यों न बढ़ा दें, इससे सरकार को किसी भी तरह की कोई हानि नहीं होने वाली है। मैं आपको बताती हूं कि कैसे इस तरह का नियम बना हुआ हैं जिसके तहत कोई भी व्यापारी जो पहले चालीस हजार की सलाना सेल करता था और वह व्यापारी जो चाहे सौ रूपए का भी दूसरी स्टेट से माल मंगवाता था या सौ रूपए का भी माल निर्यात करता था तो उसे कंपलसरी रूप से रजिस्टर होना पड़ता थो, अनिवार्य रूप से उसको पंजीकृत होना पड़ता था। रजिस्ट्रे ान के बाद उसको एक रजिस्ट्रे ान सर्टीफिकेट भी मिल जाता था जिसको आर0सी0 कहते है। उसका यह फायदा होता था कि जब कोई व्यापारी किसी से कोई माल लेना चाहता था तो वह उसका सेल्ज टैक्स नहीं देता था। वह केवल आर0 सी0 दिखा देता था कि मैं रजिस्टर्ड डीलर हूं। अगर वह खुद माल बेचता था तो उस पर वह कंज्यूमर से सेल्ज टैक्स लेता था। तो उपाध्यक्ष महोदय, फर्क केवल ऐजंसी का पड़ा है कि चालीस हजार वाला व्यापारी अब रजिस्टर नहीं हो सकता और केवल एक लाख वाला ही रजिस्टर होगा। इसलिए चालीस हजार वाले व्यापारी को अब आर0सी0 नहीं मिलेगा और जब वह सामान खरीदने के लिए जाएगा तो उसको वहां पर सेल्ज टैक्स देकर आना पड़ेगा। फर्क केवल एजेंसी का है। पहले जो चालीस हजार तक ही सेल करता था वह सरकार को सेल्ज टैक्स देता था

और अब सरकार को कर वह देगा जो एक लाख के करीब की सेल करता है। मतलब यह कि जो छोटे व्यापारी को हैरास्मैंट होती थी, वह इससे बच गया है। इसलिए यह चौदह लाख के घाटे को देखकर कई बार सदस्यों को यह महसूस होता है कि न मालूम व्यापारियों को कितना बड़ा कंसै ान दे दिया गया है। वैसे देखा जाए तो इस में कीं पर भी किसी तरह का कंसै ान नहीं दिया गया है बल्कि इससे जो छोटे व्यापारियों को दिक्कतें थी, वे खत्म हो गई है। कर की वजह से सरकार को कोई हानि नहीं हुई है, ऐसी मेरी धारणा है।

उपाध्यक्ष महोदय, एक बात हमारे वित मंत्री महोदय ने कही थी और अपने बजट भाशण में यह इ ाारा भी दिया था कि फरीदाबाद, सोनीपत, मतलब कि दिलली के आस–पास के इलाकों में जो माल बनता है, उसकों बिना सेल्ज टैक्स दिये लोग बाहर ले जाते है क्योंकि इन लोगों ने इपने कार्यालय बाहर रखे हुये है। इसलिए इनके ऊपर कोई नया कर लगाने का प्रावधान करना है। उपाध्क्ष महोदय, कानून की नजर से जब मैं उसको देखती हूं तो ऐसा लगता है कि ऐसा कोई कर लगाना अकेले राज्य सरकार के लिये संभव नहीं है। अगर कोई ऐसा कर लगाने की इच्छा प्रकट करेंगे तो नि चत रूप से उस की अनुमति राश्ट्रपति महोदय से लेनी होगी। यह एक बहुत बड़ी समस्या है क्योंकि करोड़ों रूपये की इससे सरकार को हानि हो रही है। जिन लोगों ने अपने कार्यालय बाहर खोल रखे है, वे माल भर कर बाहर ले जाते है।

